https://www.jmi.ac.in

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2027 में 183वें स्थान पर; दक्षिण एशिया में 14 पायदान ऊपर चढ़कर 29वां स्थान हासिल किया

नई दिल्ली, 4 नवंबर, 2026

नई दिल्ली स्थित जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) ने अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा रैंकिंग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय ने QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में 183वां स्थान और दक्षिण एशिया क्षेत्र में 29वां स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय ने अपनी समग्र एशियाई रैंकिंग में भी 14 स्थान की बढ़ोतरी की है; पिछले संस्करण (2026) में यह 197वें स्थान पर था, जो अब 2027 में 183वें स्थान पर पहुँच गया है। ये उपलब्धियां जेएमआई की बढ़ती शैक्षणिक प्रतिष्ठा और एशिया तथा दक्षिण एशिया के प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच इसकी मजबूत होती स्थिति को दर्शाती हैं।

QS क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा कल जारी की गई प्रतिष्ठित 'QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग' के नवीनतम संस्करण में जेएमआई को एशिया के प्रमुख विश्वविद्यालयों में शामिल किया गया है। यह रैंकिंग शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रमुख क्षेत्रों—जैसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, प्रभावशाली शोध, ज्ञान सृजन, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग—में विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति को दर्शाती है।

जेएमआई के वाइस-चांसलर प्रो. मजहर आसिफ़ ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधकर्ताओं, छात्रों, अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। साथ ही, उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता को और बढ़ाने, उच्च गुणवत्ता वाले शोध को बढ़ावा देने, नवाचार को प्रोत्साहित करने, विभिन्न अन्तःविषयक सहयोग को सुदृढ़ करने और वैश्विक शैक्षणिक जुड़ाव का विस्तार करने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई, ताकि इसके शैक्षणिक और शोध इकोसिस्टम को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। हालिया एशिया रैंकिंग से उत्साहित, जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) के रजिस्ट्रार प्रो. मो. महताब आलम रिज़वी ने जेएमआई के शिक्षण और शोध समुदाय के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027' में विश्वविद्यालय की यह उपलब्धि, शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने के प्रति इसके निरंतर और केंद्रित समर्पण को दर्शाती है। इससे शोध और प्रकाशन के कार्यों में वृद्धि हुई है और संस्थान का विकास हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि यह रैंकिंग हाल के वर्षों में जेएमआई के विकास और विस्तार का एक पैमाना और प्रमाण है।

इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (IQAC) की मानद निदेशक, प्रो. रफ़त परवीन ने इस उपलब्धि पर पूरे जेएमआई परिवार को बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से IQAC टीम के समर्पित प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक संस्थागत डेटा और जानकारी को इकट्ठा करने, संकलित करने, सत्यापित करने और उसे जमा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने IQAC टीम के साथ-साथ विभिन्न संकायों, विभागों, केंद्रों और प्रशासनिक इकाइयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के बहुमूल्य योगदान की प्रशंसा की। इन सभी के समन्वित प्रयासों ने जेएमआई की संस्थागत प्रोफ़ाइल को मजबूत करने और अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग फ्रेमवर्क में इसकी भागीदारी को बढ़ाने में अहम योगदान दिया है।

जामिया मिलिया इस्लामिया अपने शैक्षणिक मानकों, शोध क्षमताओं, नवाचार इकोसिस्टम और गुणवत्ता आश्वासन तंत्र को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, यह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाने में भी सार्थक योगदान दे रहा है।

सीपीआरओ कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया